हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 11.0 डिग्री
न्यूनतम 2.8 डिग्री

14 चांदी में तालाबों की बोली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल



15 राममय हुआ शहर, सज गए मंदिर, लाइव होगा प्रसारण





## शहर में आज

- दुर्गा भवन, ओल्ड आईटीआई, वैश्य कॉलेज प्राचीन शिव मंदिर, मॉडल टाउन उमेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा लाइव दिखाया जाएगा। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन होगा।
- अम्बेड़कर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

# चांदी गांव के तालाबों से ठेकेदार कूट रहे चांदी, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

## मछली पालन के लिए गांव के तालाबों की बोली नहीं करवाने का आरोप,गोलमाल की संभावना

जानकारी के अभाव में गांव का कोई भी व्यक्ति इन तालाबों की बोली नहीं लगा सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

गांव चांदी गांव में तालाबों की बोली को लेकर कई ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि गांव के तालाबों की मछली पालन के लिए बोली की गई थी। इसकी गांव में मुनादी नहीं करवाई गई। नहीं ही उसका प्रचार प्रसार किया गया।

,ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं थी और तालाबों की मच्छली पालन के लिए बोली कर दी गई। जिस वजह से ग्रामीणों को इसकी सूचना न होने से गांव का कोई भी व्यक्ति इन तालाबों की बोली नहीं लगा सका। इसको लेकर चांदी गांव के लोगों में रोष है। इसको लेकर ग्रामीणों ने पंचायत के ग्राम सचिव, बीडीपीओ, एसडीएम और जिला उपायुकत को लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों ने कहा है कि गांव के तालाबों का मच्छली पालन के लिए ठेका देने के लिए गांव में किसी तरह की सूचना नहीं दी गई। इस मामले में लाखों रुपए का गोलमाल किए जाने का अंदेशा है।



महम। चांदी गांव में पंचायत द्वारा मच्छली पालन के लिए दिए गए तालाबों के पट्टे को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### मामले की हो जांच

ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और फिर से चांदी गांव के तालाबों की मच्छली पालन के लिए फिर से बोली होनी चाहिए। गांव की महिला सरपंच और ग्राम सचिव ने मिलकर एक साजिश के तहत गुपचुप तरीके से गांव के तालाबों की बोली कर दी गई। यह बोली फिर से करवाई जानी चाहिए, ताकि ग्राम पंचायत को इसका पर्याप्त पैसा मिल सके और गांव को कोई नुकसान न हो सके। गांव के कई पंच भी सरपंच के खिलाफ बयान देने को तैयार हैं। इसलिए पूरे मामले की जांच उच्च अधिकारियों द्वारा करवाई जानी चाहिए।



## जेपी इंटरनेशनल में ड्राइंग कविता व गायन प्रतियोगिता

रोहतक। जेपी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से सन सिटी हाईट्स में रविवार को ड्राइंग, कविता और गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देश भक्ति गीत और कविताओं से बच्चों ने वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार किया। शीतकालीन त्योहारों पर आधारित ड्राइंग बनाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। जेपी इंटरनेशनल स्कूल की उप प्रधानाचार्या डॉक्टर सुपर्णा शर्मा ने होनहार बच्चों को पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अन्य सभी बच्चों को प्रतिभागी उपहार व सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। अभिभावकों ने प्रतियोगिता की खूब सराहना की और भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाने का आग्रह किया।

## हरिओम सेवा दल ने वार्षिकोत्सव मनाया



रोहतक। हरिओम सेवा दल द्वारा पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर, बाबू मिठन लाल गिरीश गुप्ता सहारा आश्रम एवं डिस्पेंसरी में आश्रम के वार्षिकोत्सव के अवसर पर तीसरी मंजिल की आधारशिला, जनकल्याण पत्रक विमोचन एवं अतिथि सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन , एडवोकेट नवीन गुप्ता, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के पुत्र युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर रहे। रामा आश्रम से महंत अशोक दास, बाबा रामानुज, बाबा सुखा शाह के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संत समाज, राजेश जैन आदि ने आधारशिला रखी। इस मौके पर सभी दानी सज्जनों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। हरि ओम सेवादल द्वारा चल रही सेवाओं का जनकल्याण पत्रक दिया गया। प्रधान डॉक्टर अनिल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### रिठाल में महिला ने फंदा लगाकर जान दी

रोहतक। सदर थाना अंतर्गत स्थित गांव रिठाल में विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के भाई ने आरोपी पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, डोली मथुरा की रहने वाली थी। उसकी शादी गांव के विवेक के साथ हुई थी। उसके पास साढ़े तीन साल बेटी है। कुछ समय से महिला परेशान चल रही थी। इस दौरान उसने मकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि महिला के भाई मोनू ने पुलिस को शिकायत दी है।

### एचकेसीएल कम्पयूटर का शुभारंभ आज

महम। लाखन माजरा की चमत्कारी मार्केट में सोमवार को एचकेसीएल कम्पूटर सेंट का शुभारंभ किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र खर्ब ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अधिकृत इस कंप्यूटर सेंटर में पूजा खर्ब विद्यार्थियों को कप्यूटर सेंटर में कंप्यूटर की बारिकियां सिखाएंगी। खरैंटी गांव निवासी नरेंद्र खर्ब ने बताया कि यहां पर दी जाने वाली कंप्यूटर की ट्रेनिंग विद्यार्थियों के लिए रोजगार हासिल करने में कारगर साबित होगी।

### श्योराण मुंबई व गुजरात यात्रा की अध्यक्ष बनीं

रोहतक। रोहतक की महिला कांग्रेस की महासचिव मुकेश श्योराण को राहुल गांधी की मुंबई व गुजरात की यात्रा का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके लिए मुकेश श्योराण ने राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, दीपक बाबरिया, शक्ति सिंह गोहिल, मधुसदन मिसरी, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौधरी उदयभान, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्रा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदार दी गई है, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी।





### सांसद जांगड़ा ने शीतलपुरी मंदिर में की सफाई

महम। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, महंत सतीश दास, नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अजीत अहलावत समेत शहर के कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोगों ने रविवार को महम के प्राचीन शीतलपुरी मंदिर की साफ सफाई की। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मंदिर में झाड़ लगाया। सांसद ने मंदिर के फर्श को चमकाया। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने क्षेत्रवासियों से कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस उपलक्ष्य में अपने अपने घरों के पास स्थित सभी मंदिरों की साफ सफाई करें। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिरों और घरों में दीपक जलाएं। इस दिन को दीपावली की तरह मनाएं। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शीतलपुरी मंदिर में सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की।

# गांधी कैंप में कांग्रेस नेता कृष्ण लाल छाबड़ा को मिला लोगों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांधी कैंप स्थित चाउमिन चौंक पर जन आशीर्वाद सभा के माध्यम से पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेता कृष्ण लाल छाबड़ा ने आगामी विधानसभा चुनावों में अपना दावा मजबूती के साथ रखा।

हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंच कृष्ण लाल को आशीर्वाद दिया तथा सभा को सफल बनाया। कृष्ण लाल छाबड़ा अपने घर से सैंकड़ों समर्थकों के साथ बाइक व कारों के काफिले के साथ जन सभा में पहुंचे। जहां लोगों ने उनका फूल मालाओं, नोटों के हार व नारों के साथ आतिशबाजी कर स्वागत किया।कृष्ण लाल छाबड़ा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वे 3 दशकों से ज्यादा से कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता हैं और उनके बड़े भाई भी पार्टी में कार्य करते हुए शहादत को प्राप्त हुए। कृष्ण लाल छाबड़ा बोले आजादी के बाद से अब तक गांधी कैंप में 33 गज के मकान में लोगों की कई पीढ़ियां बीत गई हैं।



रोहतक। चाउमिन चौंक पर पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेता कृष्ण लाल छाबड़ा का स्वागत करते हुए दुकानदार।

# रामलला कला महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्री राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलला कला महोत्सव का आयोजन दुर्गा भवन मंदिर में किया गया। कार्यक्रम एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पठानिया पब्लिक स्कूल का भी सहयोग रहा। श्री राम लला की कथा छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में 3 साल से 15 साल तक के बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने श्री राम लला की अलग अलग कलाकृतियों बनाई जिसकी सभी ने सराहना की। राजेश जैन द्वारा सभी बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्य कथावाचक केशव कृष्ण व आचार्य मनोज मिश्र द्वारा राजेश जैन को धर्म पट्टिका व रामलला की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। 22 जनवरी को संस्था द्वारा भिवानी स्टैंड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# भक्तिभाव से किए साध्वी मानेश्वरी देवी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र पर रविवार 21 जनवरी को माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर की संचालिका साध्वी मानेश्वरी देवी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन श्रद्धा और भक्तिभाव से किए। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और सनातन धर्म की आस्था के बाद यह पावन अवसर आया है, इसलिए प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को घर और मंदिरों में साज सज्जा, रंग बिरंगी लाइटों, घी के दीयों से जय श्रीराम लिखकर, रामकथा का गुणगान, आतिशबाजी करके और दीपावली की तरह भव्य त्योहार मनाएंगे।

साध्वी ने अयोध्या में हनुमान गढ़ी (हनुमान जी निवास स्थल), सरयू नदी (रामलला के दर्शन के बाद यहां जाना जरूरी), कनक भवन (प्रभु राम-सीता का निजी महल), गुलाब बाडी, मणि पर्वत, नागेश्वरनाथ मंदिर, रामकोट तीर्थ स्थलों के दर्शन किए। उन्होंने भक्तों संग अयोध्या परिसर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, प्रभु राम की कथा और भजनों का गुणगान करके सबका मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की भव्यता, सुंदरता और भक्तिमय माहौल देखते ही बनती है। राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के साथ विदेशों का भी माहौल भक्तिमय बना हुआ है और संसार राम के रंग में रंगा गया है। हर जगह एक ही आवाज, एक ही नारा जय श्री राम का गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में कलाकृति से लेकर सनातन संस्कृति तक सब कुछ मौजूद है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम भक्तजन मंदिर में बड़ी स्क्रीन पर देख सकेंगे।

मंदिर और भगवान की प्रतिमा को रंग बिरंगी लाइट और फूलों से सजाया गया है। सोमवार को सुबह मंदिर में 10 बजे सुन्दकांड पाठ, कीर्तन और प्रभु श्रीराम की आरती होंगी। इसके बाद प्रसाद वितरित होगा ।



रोहतक। साध्वी मानेश्वरी देवी अयोध्या में लता मंगेशकर चौक पर भक्तो के साथ भजन करते हुए।





# श्रीरामचन्द्र महाराज का जीवन पवित्र एवं पावन था : आर्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्दमठ के तत्त्वाधान दयानंद मठ में 200 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम रविवार को हुआ। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयन्ती के अवसर एवं आजीवन आर्यसमाज की उन्नति के लिए समर्पित, गुरुकुल शिक्षाप्रणाली के ध्वजवाहक, अनेक विद्वानों के जनक, हरयाणा निर्माता, कर्मयोगी स्वामी ओमानंद सरस्वती को स्मरण करते हुए तथा परम गोभक्त एवं व्याकरण के सूर्य आचार्य बलदेव महाराज (पूर्व प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली) के पुण्य-स्मृति दिवस के उपलक्ष में एवं स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती (अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता, जयपुर) के ब्रह्मत्व में 200 कुण्डीय यज्ञ का भव्य आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

भारत की प्रसिद्ध भजनोपदेशिका बहन अंजलि आर्या ने प्रभु श्री रामचंद्र के संबन्ध में भजन एवं प्रवचन द्वारा विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र महाराज का जीवन पवित्र एवं पावन था। उन्होंने मानव कल्याण के लिए अनुकरणीय कार्य किये। कार्यक्रम में सैकड़ों आर्यजनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य ने बताया कि हमें भी भगवान रामचंद्र के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। सभामंत्री उमेद शर्मा ने भगवान श्री रामचन्द्र के बारे में विस्तार से बताया।

## समग्र शिक्षा की योजनाओं और उपलब्धियों पर गणतंत्र दिवस समारोह में निकलेगी झांकी

रोहतक। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा अपनी उपलब्धियों और योजनाओं पर झांकी निकाली जाएगी। इस संबंध में रोहतक जिले की जिला परियोजना संयोजक रेणु खत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों की मीटिंग ली। इसमें पीएमश्री स्कूल, शिक्षा का अधिकार, दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं, मिड डे मील, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का विद्यालय में पुनः दाखिला, बालिका शिक्षा, योग और शारीरिक शिक्षा आदि विषयों को झांकी के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा।

एपीसी मनोज एवं अरविंद खोखर के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई है, जिसमें प्रवक्ता अनीता, मंजू, एनएसक्यूएफ टीचर विनोद, कला अध्यापक भरत एवं सत्यनारायण शामिल किए गए हैं। डीपीसी रेणु खत्री ने बताया कि झांकी के माध्यम से समग्र शिक्षा की सभी योजनाओं को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा तथा जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।





# थ्रोबॉल फेडरेशन उपाध्यक्ष दहिया का स्वागत किया

रोहतक। सेक्टर-3 निवासी सुधीर कुमार दहिया को थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर रविवार को स्वागत किया गया। झज्जर रोड स्थित जयकुमार उर्फ नीटू के फार्म हाउस पर उनका स्वागत समारोह हुआ। जिसमें रोहतक व आसपास के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सुधीर कुमार दहिया ने कहा कि थ्रोबाल में खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल है। उन्हें फेडरेशन की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जाट कॉलेज छात्र संघ के पूर्व प्रधान सुनील अहलावत, जाट शिक्षण संस्था के पूर्व महासचिव नवदीप के अलावा सुरेंद्र ढुल, अशोक मायना, सुंदर सिंह दिमाना, डॉ. राजेश सुहाग, डॉ. विकास गहलौत, डॉ. संदीप अहलावत, पिंटू, कुलदीप तहलान, राजू ठेकेदार, रवि कादियान, अशोक करौंथा, जतिन खट्टर, विजय अहलावत व सुनील भूखड़ा मौजूद रहे।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

SHEETAL SPORTS SR. SEC. SCHOOL
KILOI, ROHTAK
(CBSE Affiliated English Medium School)
REQUIRES
PGT - All Subjects | Computer Teacher - 01
TGT - All Subjects | PTI - 01
Office Clerk - 01 | Receptionist - 01
• Candidate having excellent academic record & fluency in English.
• Bus facility is available from Rohtak to School.
• Interested candidate visit school premises with original documents on any working day between 9AM to 12 noon.
E-mail: sheetalsportsschool@gmail.com.
Phone : 9813911200, 9053111400

सैक्स समस्यायें
M. 9468439815, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS Doctor 2
Nursing Staff 6
RMO 4
Computer Operator 1
Accountant 1
Gatekeeper 3
Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 11.0 डिग्री
न्यूनतम 2.8 डिग्री

**महम के रामलीला ग्राउंड में 21 कुंडीय यज्ञ होगा** : महम। हनुमान चालीसा प्रचार समिति व शहर के मंदिरों, सत्संग मंडलों और सभी धार्मिक संस्थाओं ने मिलकर महम कस्बे को राममय बना दिया है। पिछले कई दिन से शहर में रोजाना सत्संग, भजन और कीर्तन हो रहे हैं। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के लोगों में विशेष उत्साह है। जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। हनुमान चालिसा प्रचार समिति द्वारा सोमवार सुबह सबसे पहले 21 त्रिवेणी रोपित की जाएंगी। सुबह 9 बजे पंचायती रामलीला ग्राउंड में 21 कुंडीय हवन किया जाएगा।

# राममय हुआ रोहतक, सज गए मंदिर, आज श्रद्धा से देखेंगे भगवान की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की हर गली, मोहल्ले व सड़कों पर भगवान श्रीराम के जयकारे गूंज रहे हैं। बाजार आकर्षक लाइटों व फूलों से सजा दिए गए हैं। सड़कों पर शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। मिठाई की दुकानें भी सजी हुई हैं। बाजार में दुकानों और घरों पर श्रीराम ध्वज लहरा रहा है। माहौल एकदम दिवाली जैसा हो गया है। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसी को देखते हुए शहर के लगभग सभी मंदिरों और बाजारों के छटा देखते ही बन रही है। रंग बिरंगी लाइटों से सजा पूरा रोहतक इस पावन अवसर का साक्षी बना हुआ है। आज शहर में सैंकड़ों जगहों पर एलइडी लगाकर अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को लाइव देखा जाएगा। गोकर्ण डेरा, दुर्गा भवन मंदिर, गुफा वाला मंदिर, माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर, पाड़ा मोहल्ला स्थित माता मंदिर, महावीर मंदिर, श्री दुर्गा महारानी मंदिर, श्री शिव महादेव मंदिर माल गोदाम रोड़, हुडा काम्प्लेक्स स्थित शिव मंदिर, जगदीश कॉलोनी स्थित प्रभुतानंद आश्रम, वैश्य कॉलेज रोड स्थित शिव मंदिर,ओल्ड आईटीआई स्थित शहीद मदन लाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर आदि जगहों पर बड़ी स्क्रीन लगा दी गई है। वहीं जगह जगह भंडारे में लगाए जाएंगे। सभी को खुशी है कि लगभग 500 वर्ष बाद ये पावन अवसर आ ही गया। हजारों दीपक जलाने की तैयारी है।

### गोकर्ण डेरे पर दीपोत्सव मनाया

वहीं रविवार को गोकर्ण डेरे पर दीपोत्सव मनाया गया। बाबा कमल पुरी महाराज व बाबा गुलाब पुरी ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया।

### भगवान की शोभा यात्रा निकाली

अयोध्या श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आचार्य धर्मवीर वेदपाठी के आशीर्वाद से आचार्य देव कृष्ण शौनक के सानिध्य में भगवान राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा मॉडल टाउन, सुभाष नगर, भरत कॉलोनी के भक्तों के सहयोग से निकाली गई। इस शोभायात्रा में भगवान हनुमान और भगवान शिव शंकर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई जो मॉडल टाउन गुफा वाले मंदिर से पंडित ओमप्रकाश एवं आचार्य देव कृष्ण के सानिध्य में रामजी की आरती के साथ शुरू हुई। शोभा यात्रा मॉडल टाउन, सुभाष नगर, भरत कॉलोनी से होती हुई गुफा वाले मंदिर में ही आरती के साथ संपन्न की गई। हजारों की संख्या में भक्तों ने आकर प्रभु श्रीरामचंद्र का आशीर्वाद लिया। विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। सभी ने जय श्री राम का उद्घोष किया। इस मौके पर दीपक जैन, जंबू जैन, राजेंद्र बंसल, पार्षद प्रतिनिधि अशोक खुराना, बृजभूषण बंसल, शमशेर प्रकाश गोयल, आदिश जैन, संजय गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, मनीष जैन, प्रवीण मक्कड़, सुरेंद्र भाटिया, राजेश खुल्लर, विनोद गोयल, सुंदर जेटली, सुभाष मल्होत्रा, यशपाल धींगड़ा, राजेश बत्रा, अशोक हुरिया, प्रवीन चुघ, सुरेश सुनेजा, सीमा अग्रवाल, हर्षिता, रचना पालीवाल आदि मौजूद रहे।

### सांपला में भी होगा कार्यक्रम

अयोध्या से श्री रामलला के प्राण प्रतष्ठि का सीधा लाइव सांपला के लोग भी देख सकेंगे। इसको लेकर रविवार को हिंदू परिषद धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रामभक्त सुंदर ने बताया कि कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह हवन यज्ञ होगा। सुंदर कांड का पाठ और प्रसाद वितरण किया जाएगा। अयोध्या का सीधा लाइव प्रसारण देखने के लिए एलईडी भी लगाई जाएगी।

इसके अलावा बेरी रोड और खरखोदा मार्ग पर स्थित मंदिरों में भी एलईडी लगाई जाएंगी। पुरानी अनाज मंडी में भी एक एलईडी लगाई जाएगी। इसके अलावा भी दो जगह भंडारा लगाया जाएगा। समचाना व खरावड़ मंदिर में भी दीप जलाए जाएंगे।

## हर प्रमुख मंदिर में एलईडी पर होगा लाइव प्रसारण, लगेंगे भंडारे


रोहतक। गोकर्ण डेरे पर दीपोत्सव मनाते हुए बाबा कमल पुरी महाराज,बाबा गुलाब पुरी व भक्तजन।



**रेलवे रोड का नजारा**




**शोभायात्रा निकाली**



### रामलला प्राण प्रतिष्ठा में रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया घर

रोहतक। अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी में हर तरफ खुशनुमा माहौल बना है। सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर ने सेक्टर एक स्थित अपने निवास को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया है। दीपावली की तरह घर में दीये लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बरसों बाद ऐसा मौका आया है, जब श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इससे ज्यादा रामभक्तों की खुशी का ठिकाना नहीं हो सकता है। इसी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए हमारे पूर्वजों ने खून-पसीना बहाया था, अब वह शुभ घड़ी आ गई है। यह शुभ कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही फलीभूत हो पाया है। इसलिए श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामभक्तों की खुशी का ठिकाना नहीं है। यह खुशी अभी यहीं रूकने वाली नहीं है। सोमवार को भी पूजा-पाठ और कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा


रोहतक। रेलवे स्टेशन पर जांच करती बम निरोधक दस्ते की टीम।

**रोहतक।** जिला पुलिस ने अलग अलग एरिया में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते और पुलिस ने कॉलोनियों एवं बाजार में चेकिंग की। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि निरीक्षक बलवान सिंह के नेतृत्व मे बम निरोधक दस्ता टीम तैयार की गई है। जिसमें कोर्स पास जवानों को तैनात किया गया है। बम निरोधक दस्ता टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, किला रोड, बांगड सिनेमा आदि स्थानों पर चेकिंग की गई। इस दौरान बस स्टैंड पर बसों के अन्दर, पार्किंग एरिया व बस अड्डा परिसर में जांच की गई। किला रोड बाजार में स्थित दुकानों, बाजार में खरीदारी करने वाले व्यक्तियों, सामान, भीड़-भाड़ वाले स्थानो को बारिकी से चेक किया गया।

**कॉम्बिंग एवम सर्चिंग अभियान चलाया:** जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा शेर विहार कालोनी, सनसिटी बीपीएल फ्लेट्स, बड़ा बाजार, माल गोदाम रोड, डेयरी, देव कालोनी, गांव बलियाना, कलानौर, खरावड़ मे सर्चिंग व कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आस-पास के संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। अजनबी व्यक्तियों के पर्चे काट कर संबंधित थाना से जांच कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी प्रभारी थाना द्वारा अपने क्षेत्राधिकार एरिया में कॉम्बिंग सर्चिंग अभियान चलाया।







## नौकरी के फर्जी नियुक्ति पत्रों के नाम पर हो रही धोखाधड़ी

### जिला पुलिस ने लोगों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नौकरी लगवाने के बहाने फर्जी जॉब ऑफर लेटर भेजकर लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। इस दौरान कई लोगों को शिकार बनाया गया है। लोगों को ऐसे अपराधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। रोहतक एसपी हिमांशु गर्ग ने अलर्ट जारी किया है। जिसके तहत ठगों को पकड़ने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, धोखेबाजों द्वारा दावा किया जाता है कि ये लेटर केंद्र या राज्य सरकार के प्राधिकरणों द्वारा भेजे जा रहे हैं। इन फर्जी नियुक्ति पत्रों के बहाने से आवेदकों से पैसों की मांग भी की जा रही है। जालसाज पहले आवेदकों को फर्जी नियुक्ति पत्र भेजते हैं और फिर जालसाज द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर नाम व फाइल नंबर लिख कर एसएमएस करने को कहते हैं। इसके बाद सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर बैंक एवं आनलाइन मोड द्वारा राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है। समय पर सिक्योरिटी राशि का भुगतान नहीं करने पर नियुक्ति पत्र रद्द करने के लिए भी चेतावनी दी जाती है।

**तुरंत शिकायत करें : एसपी**




एसपी ने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी संदिग्ध एवं फर्जी नियुक्ति पत्र प्राप्त होने की स्थिति में तुरंत पुलिस में रिपोर्ट करें। अपराधियों के खिलाफ कानून अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें।

**स्नैचिंग के आरोप में दो गिरफ्तार** :रोहतक। पुलिस ने गरिमा गार्डन में शादी के दौरान युवक के साथ हुई स्नैचिंग में शामिल दो आरोपियो को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। थाना पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक सत्यपाल ने बताया कि 26 दिसम्बर 2023 को गांव सांघी निवासी जसकरण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। वह अपने पोते की शादी में गरिमा गार्डन रोहतक गया हुआ था। जसकरण कार्यक्रम के दौरान पीछे पीछे चल रहा था तो अचानक से एक युवक ने झपट्टा मारकर बैग छीन कर ले गया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने सुमित व अमित को गिरफ्तार किया।




## 23 और 24 को शहर में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार ने 23 व 24 जनवरी को शहर में मानवरहित हवाई वाहन (ड्रोन) के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।



- मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरे को लेकर शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- मुख्यमंत्री शहर में कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 23 व 24 जनवरी को रोहतक के दौरे पर आ रहे हैं। ड्रोन के प्रयोग से सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगने की आशंका बनी रहती है। सुरक्षा के दृष्टिगत रोहतक शहर के अधिकार क्षेत्र में मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) का आसमान में घूमने देना खतरनाक साबित हो सकता है। इसी के मद्देनजर 23 व 24 जनवरी को मानव रहित हवाई वाहनों के उड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशों में जिला पुलिस अधीक्षक को उक्त आदेश के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों की उल्लंघना में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।




जय श्रीराम
LPSBOSSARD
Proven Productivity
आया रे शुभदिन आया रे
अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान होंगे
बालरूप प्रभु राम का विग्रह
रामलला
500 वर्ष बाद
भगवान अपने
जन्म स्थान पर लौटे
ग्यारह हजार दीप जलाकर उत्सव को दीपावली की तरह मनाया जायेगा।
सुन्दर काण्ड पाठ के लिए 108 चौकी लगाई जायेगी।
अयोध्या धाम से लाया गया प्रसाद वितरित किया जायेगा
श्री अयोध्या जी में श्री रामलला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर
श्री रामलीला उत्सव कमेटी (रजि.) रोहतक द्वारा
आज आप भी अपने घरों में राम ज्योति जलाये, दीपावली मनाएं और विश्व शांति के लिए अपने घर व् पास के मंदिर में एक दीपक अवश्य जलाएं।
विशाल कार्यक्रम - सोमवार, 22 जनवरी 2024
हवन............................................ प्रातः 10 बजे
उद्घाटन समारोह.........................प्रातः 11 बजे
पंचामृत महाभिषेक......................... प्रात: 11:30 बजे
(अयोध्या धाम का लाईव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक)
महाप्रसाद................................................ दोपहर 1 बजे
श्री सुन्दर काण्ड पाठ एवं भजन संध्या... सांय 3 बजे से 6 बजे तक
(प्रेम संकीर्तन मण्डल) द्वारा
महाआरती एवं दीप महोत्सव......................... सांय 6 बजे
स्थान : शहीद मदन लाल धींगड़ा कम्यूनिटी सैन्टर, पुरानी ITI ग्राऊण्ड, रोहतक
कार्यक्रम उपरान्त भण्डारा
सभी राम भक्त आमंत्रित है।
राजेश जैन
एम डी, एल पी एस बोसार्ड
आप सभी को
75 वें
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वृक्ष लगाओ
पर्यावरण बचाओ
WE STAND FOR LOVE & PEACE
STOP WAR
LPS BOSSARD
Proven Productivity
UPS LAKSHMI
BP Jain Skill Development Centre
Opp. I.G. Office , Delhi Bye Pass, Rohtak -124001